22 | नईदुनिया | www.naidunia.com
इंदौर, सोमवार 11 मई 2015

जागरूकता से ही रूकेंगे साइबर क्राइम

आईजी वरूण कपूर ने व्याख्यान में बताए साइबर सुरक्षा के तरीके

इंदौर। पूरी दुनिया में साइबर अपराध तेजी से घटित हो रहे हैं, क्योंकि आधुनिक टेक्नोलॉजी का उपयोग पूरे विश्वभर के सभी क्षेत्रों में किया जा रहा है। साइबर स्पेस में अपराधी आपकी जानकारी चुराने, इंटरनेट के माध्यम से हैकिंग करने, बैंकिंग फ्रॉड, एटीएम फ्रॉड, लॉटरी में राशि जीतने व अन्य प्रलोभन देकर अपराधों को अंजाम दे रहे हैं, उनसे बचने का सबसे सटीक उपाय है जागरूकता। साइबर क्राइम से बचने के लिए आपको जागरूक होकर रक्षा के सभी उपाय अपनाने होंगे।

जाल सभागृह में रविवार को पुलिस रेडियो ट्रेनिंग स्कूल के निदेशक एवं पुलिस महानिरीक्षक वरूण कपूर ने यह बात साइबर सुरक्षा को लेकर अपने 100वें व्याख्यान के दौरान कही। ब्लैक रिबन इनिशिएटिव के तहत संचालित 'सहयोग' अभियान के अंतर्गत हुई इस कार्यशाला का आयोजन इंदौर मैनेजमेंट एसोसिएशन द्वारा किया गया था। कार्यशाला में आईएमए के 100 से ज्यादा सदस्यों ने भाग लिया। आईजी वरूण कपूर ने उपस्थित सदस्यों को सोशल नेटवर्किंग का सुरक्षित उपयोग व पासवर्ड सुरक्षित रखने, साइबर स्टॉकिंग आदि के बारे में जानकारी दी। इस काल्पनिक दुनिया में अपराध के शिकार होने से कैसे बचा जाए और साइबर जगत में अनजाने में हमसे अपराध न हो जाए दोनों विषय के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई।

पुलिस अधीक्षक सुदीप गोयनका, उपपुलिस अधीक्षक राजिंदर सिंह वर्मा, उपनिरीक्षक राजेंद्र कुमार स्वामी, सहायक उपनिरीक्षक संजीव तिवारी, आरक्षक सुखदेव कोतवाल आदि पुलिस विभाग के सदस्य भी उपस्थित थे।

ये थे कुछ महत्वपूर्ण सुझाव

- पासवर्ड आसान न रखें। सभी ई-मेल और सोशल नेटवर्किंग अकाउंट का पासवर्ड एक समान भी नहीं होना चाहिए।
- अपना पासवर्ड किसी को न बताएं। समय-समय पर पासवर्ड बदलते रहें।
- सोशल नेटवर्किंग का उपयोग करते समय किसी भी आपत्तिजनक कमेंट या फोटो शेयर न करें।
- मोबाइल या ऑनलाइन बैंकिंग में विशेष सावधानी रखें। किसी भी व्यक्ति पर विश्वास न करें।